उत्तर मध्य रेलवे
रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ
प्रयागराज

नवाब युसुफ रोड
बाल्मिकी चौराहा, सिविल लाइन्स
प्रयागराज – 211001
दूरभाष (रेलवे) : 0532–2223961
ईमेल–helpdesk@rrcpryj.org

सं. : आरआरसी/उमरे/पीआरवाईजे/सां. कोटा/2026–27 दिनांक : 22.09.2026

## महत्वपूर्ण सूचना

सर्व संबंधित,

विषय : सांस्कृतिक कोटा के लेवल–2 के पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि/सुधार हेतु एक अवसर।

------

रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, प्रयागराज, द्वारा उत्तर मध्य रेलवे हेतु वर्ष 2026–27 के लिए सांस्कृतिक कोटा के लेवल–2 के पदों पर भर्ती हेतु रोजगार सूचना सं. 02/2026, दिनांक 18.08.2026 के तहत ऑनलाईन माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 19.09.2026 थी।

अंतिम तिथि तक ऑनलाईन आवेदन पूर्ण रूप से सबमिट करने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन में यदि कोई त्रुटि हो तो, त्रुटि सुधार हेतु एक अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र में नाम, मोबाईल नम्बर, आधार नम्बर एवं ई–मेल आईडी के अतिरिक्त अन्य संशोधन कर सकते हैं।

ऑनलाईन आवेदन पत्र में संशोधन करने हेतु लिंक रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, प्रयागराज की आधिकारिक वेबसाइट www.rrcpryj.org पर दिनांक 23.09.2026 से 29.09.2026 (23:59) तक उपलब्ध कराया जायेगा।

उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी अभ्यर्थी को ऑनलाईन आवेदन में किसी भी प्रकार के संशोधन का अवसर नहीं दिया जाएगा एवं ऑनलाईन आवेदन में भरी गई जानकारी को अंतिम माना जाएगा। इसके उपरान्त भी ऑनलाईन आवेदन में रही त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ
प्रयागराज